भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 321**
20 जुलाई, 2022 को उत्तरार्थ

## पंजीकृत और क्रियाशील बहुराज्यीय सहकारी समितियां

**321 डा. कनिमोझी एनवीएन सोमू:**

क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में पंजीकृत और क्रियाशील बहुराज्यीय सहकारी समितियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) सरकार द्वारा विभिन्न राज्यों में अपनी शाखाओं के साथ कृषि, कपड़ा, हस्तशिल्प रियल्टर्स और अन्य बहु विविध क्षेत्रों से संबंधित कार्य करने वाले कई बहुराज्यीय राष्ट्र्व्यापी सहकारी समितियों के लिए एक आम मुख्यालय बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और
(ग) क्या इन राष्ट्र्व्यापी सहकारी समितियों को भारत में कहीं से भी अपने वित्तीय खातों और प्रशासनिक कार्यों को संचालित करने की अनुमति दी जाती है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क) राज्य-वार बहु-राज्य सहकारी समितियों की सूची अनुबंध-I में संलग्न है, जिसमें से 81 समितियां परिसमापन की प्रक्रिया में हैं ।
(ख) और (ग) बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 तथा इसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के अनुसार, प्रत्येक बहु-राज्य सहकारी समिति के व्यवसाय का एक प्रमुख स्थान होगा जो समिति का पंजीकृत कार्यालय होगा । किसी समिति का पंजीकृत पता, जैसा कि उसके उप-विधियों में निर्दिष्ट होता है, देश में कहीं भी हो सकता है।

*****

**अनुबंध-I**

**30 जून 2022 की स्थिति के अनुसार, देश के विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में पंजीकृत बहु-राज्य सहकारी समितियों तथा परिसमापन के अधीन समितियों का ब्यौरा**

| **क्रम सं.** | **राज्यों/ संघ राज्यक्षेत्रों के नाम** | **पंजीकृत समितियां** | **परिसमापन के तहत समितियों की संख्या** |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 22 | 4 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1 | - |
| 3 | असम | 6 | - |
| 4 | बिहार | 19 | - |
| 5 | चंडीगढ़ | 1 | 1 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 8 | - |
| 7 | दादरा और नागर हवेली | 1 | - |
| 8 | गोवा | 1 | 1 |
| 9 | गुजरात | 42 | 4 |
| 10 | हरियाणा | 17 | - |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 1 | - |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | 2 | - |
| 13 | झारखंड | 8 | 1 |
| 14 | कर्नाटक | 29 | - |
| 15 | केरल | 25 | - |
| 16 | मध्य प्रदेश | 29 | - |
| 17 | महाराष्ट्र | 655 | 15 |
| 18 | मणिपुर | 3 | - |
| 19 | नागालैंड | 1 | - |
| 20 | नई दिल्ली | 159 | 10 |
| 21 | ओडिशा | 19 | 11 |
| 22 | पॉन्डिचेरी | 5 | - |
| 23 | पंजाब | 23 | 1 |
| 24 | राजस्थान | 72 | 15 |
| 25 | सिक्किम | 1 | - |
| 26 | तमिल नाडु | 123 | 4 |
| 27 | तेलंगाना | 8 | - |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 154 | 9 |
| 29 | उत्तराखंड | 4 | - |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 69 | 5 |
| | **कुल** | **1508** | **81** |